आरएनआई / पीआरजीआई नं. : 59755/94
डाक पंजीयन संख्या : मेरठ-232-2026-28



SATYA SPORTS
We are deals in professional carrom board and sports goods wood.
Add.- Plot no.11, Sector- 6/1, Shatabdi Nagar, Meerut (U.P.)
Owner - Ujjwal Pal Kalanjari
9927178000, 8193933555

केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शासकीय विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# हरिकमल दर्पण

सम्पादक : निरंजन सिंह पाल | मो. : 9358430959 | Email : niranjanpal10021963@gmail.com

वर्ष 33 अंक 16 मेरठ, रविवार 26 अप्रैल, 2026 | Website:- harikamaldarpan.com | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य : दो रुपये

## मेरठ में न्यू डिलीशियस बेकर्स के मालिक राहुल पाल पर जानलेवा हमले से रोष व्याप्त, दो गिरफ्तार

**मेरठ।** पीवीएस रोड पर शास्त्रीनगर में कुटी चौराहे के समीप स्थित न्यू डिलीशियस बेकर्स के मालिक राहुल पाल के सीने और पेट के बीच 23 अप्रैल को दिनदहाड़े गोली मार दी गई। इस घटना की खबर से पाल समाज के साथ ही व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त हो गया। बताया जाता है कि दुकान स्वामी राहुल पाल ने कार सवार हमलावरों से पेटीज के पैसे मांग लिए थे जिसके बाद वे कार से तमंचा उठाकर लाए और गोली मारकर फरार हो गए। कर्मचारी राहुल को उठाकर न्यूटिमा अस्पताल ले गए, जहां गंभीर हालत में आपरेशन किया गया। सूचना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों आरोपितों विकास और गौरव को पकड़ लिया। कार और पिस्टल भी बरामद कर ली गई। नौचंदी थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर सेक्टर नौ में राजेंद्र पाल का परिवार रहता है, उनकी पीवीएस रोड पर कुटी चौराहे के समीप शास्त्रीनगर में न्यू डिलीशियस बेकर्स के नाम से दुकान हैं, दूसरी दुकान ब्रह्मपुरी के ध्यानचंद नगर में है। राजेंद्र पाल के बड़े बेटे आशीष ध्यानचंद नगर की बेकरी पर बैठते हैं। शास्त्रीनगर की दुकान पर मझले बेटे राहुल पाल बैठते हैं। तीसरा बेटा अमन पाल मेट्रो में काम करता है। राहुल पर हमले की खबर से पाल समाज में भारी रोष व्याप्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व राज्यमंत्री अजीत पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष हरवीर पाल, अखिल भारतीय पाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रह्मप्रकाश पाल, महासभा के जिलाध्यक्ष सतपाल कलंजरी, भाजपा नेता उमाशंकर पाल, संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष नवीन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंचे और अपनी नाराजगी जताई। बाद में हरवीर पाल ने लोगों को समझाकर शांत किया। **-ब्यूरो**



**चित्र में (बाएं से दाएं) : घायल राहुल पाल, अस्पताल में एकत्रित भीड़ व गिरफ्तार दोनों हमलावर।**



कृष्ण पाल | वीरेन्द्र कुमार पाल | गौरव कुमार पाल

मो. 9837651757
7417578902
9068344035
8826455546

कृपाल टाईल्स एण्ड सैनेट्री स्टूडियो
जोहनसन एवं सेरा कंपनियों के अधिकृत विक्रेता
भगवती प्लाजा, 568/1, सैनिक विहार, डिवाइडर रोड, कंकरखेड़ा, मेरठ

कृपाल मार्बल एवं धर्मकांटा
सभी प्रकार के मार्बल और ग्रेनाइट के विक्रेता
पता : मेरठ-परतापुर बाईपास, ग्रांड फाइव के सामने, दायमपुर, कंकरखेडा, मेरठ

कृपाल सटरिंग सप्लायर
हमारे यहाँ गाटर, तख्ते, चाली, बल्ली, फावड़े, सीढ़ी, संदली, झुरमुट, तसले, कोलम फर्मे आदि उचित किराये पर मिलते हैं।
पता : निकट टाटा इंडीकॉम टॉवर, रामनगर, कंकरखेडा, मेरठ

## स्वाभिमान शिक्षा संस्कृति ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली

## देवी अहिल्याबाई सामूहिक विवाह सेवा ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली

स्वाभिमान शिक्षा संस्कृति ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली एवं देवी अहिल्याबाई सामूहिक विवाह सेवा ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली ने संयुक्त रूप से माता राम बेटी वृद्धाश्रम जी.टी. करनाल रोड बाईपास में सम्मान समारोह मनाया। समारोह में दिल्ली, गाजियाबाद, गुरुग्राम, अंबाला, आगरा, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, गोरखपुर, फरीदाबाद से लोगों ने हिस्सा लिया। संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों के बच्चों की सामूहिक शादी करवाना, बच्चों को निःशुल्क किताबें उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में संस्था के लोगों का सम्मान किया गया। सभी को मोमेंटो और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तेजपाल (चौखंडी) ने की। स्वाभिमान शिक्षा संस्कृति ट्रस्ट (रजि.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश चन्द पाल, राष्ट्रीय महासचिव यश पाल सिंह (प्रधान) के द्वारा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष जे.डी. पाल, श्रीमती भोजरानी पाल को महिला मोर्चा का संरक्षक, श्रीमती लता पाल को महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं श्रीमती गीता रानी पाल को महिला मोर्चा महासचिव बनाया गया। यह दिल्ली प्रदेश में आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की शिक्षा में मदद करेंगे। साथ में मा. रविंद्र होलकर को उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया जिससे दिल्ली एनसीआर में समाज के बच्चों की शिक्षा के लिए अच्छे से कार्य किया जा सके। संस्था अभी तक कई बच्चों को बुक, स्कूल ड्रेस, बैग इत्यादि दिला चुकी है। कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक सदस्य यश पाल सिंह, महेश चन्द पाल, मंगत राम पाल, डॉ. मनोज पाल, जे.डी. पाल, राम प्रकाश पाल, सुरेश कुमार पाल, सुभाष पाल, सुखपाल, श्रीमती भोजरानी पाल, श्रीमती लता पाल, श्रीमती गीता रानी पाल, श्रीमती सुधा पाल, श्रीमती कोमल पाल, श्रीमती सोमबती पाल, कलुआ पाल, जोगिंद्र पाल, श्याम शंकर पाल उर्फ सचिन गुरुग्राम की गरिमामयी उपस्थिति रही।



# हरिकमल दर्पण

## सच्ची समाजसेवा की मिसाल!



***दिल्ली एनसीआर की कुछ संस्थाएं सच्ची समाजसेवा की मिसाल पेश कर रही हैं जिसके लिए इन संस्थाओं के पदाधिकारी निश्चित रूप से सराहना के पात्र हैं। इन संस्थाओं में प्रमुख रूप से माता राम बेटी वृद्धाश्रम जीटी करनाल रोड बाईपास दिल्ली, स्वाभिमान शिक्षा संस्कृति ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली एवं देवी अहिल्याबाई सामूहिक विवाह सेवा ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली के नाम मुख्य रूप से उल्लेखनीय हैं। माता राम बेटी वृद्धाश्रम पिछले काफी समय से निराश्रित वृद्ध महिला-पुरुषों के सेवाकार्य में जुटा हुआ है जिससे इस वृद्धाश्रम की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है। इस वृद्धाश्रम से जुड़े समाजसेवियों ने पिछले दिनों उपरोक्त दोनों संस्थाओं का गठन कर सामूहिक विवाह एवं जरूरतमंद बच्चों को किताबें, स्कूल ड्रेस, बैग इत्यादि दिलाने का अभियान शुरू किया है जिसकी जितनी सराहना की जाए कम है। उपरोक्त संस्थाओं से जुड़े समाजसेवियों की संख्या यूँ तो अनगिनत है, फिर भी इनमें मुख्य रूप से स्वाभिमान शिक्षा संस्कृति ट्रस्ट (रजि.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश चन्द पाल, राष्ट्रीय महासचिव यशपाल सिंह (प्रधान), दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष जेडी पाल, महिला मोर्चा की संरक्षक श्रीमती भोजरानी पाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती लता पाल, महासचिव श्रीमती गीता रानी पाल, मंगतराम पाल, सुरेश कुमार पाल, रामप्रकाश पाल, डॉ. मनोज पाल, एडवोकेट सुभाष पाल आदि के नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं जो सच्ची समाजसेवा की नई मिसाल प्रस्तुत कर रहे हैं।***

***इस हफ्ते इन्हीं शब्दों के साथ जय पाल समाज!***

**-निरंजन सिंह पाल**

## राजनैतिक ठेकेदारी के चक्कर में सामाजिक व्यवस्था को न बिगाड़ें!

आजकल हमारे धनगर पाल बघेल गड़ेरिया चरवाहा समाज के लोग जो किसी न किसी सामाजिक संगठन से जुड़े हुए हैं, कुछ राजनैतिक दलों से जुड़कर समाज की सामाजिक व्यवस्था को बिगाड़कर माहौल खराब कर रहे हैं। कोई किसी दल के नेता का समर्थक हो सकता है, वह उसका विचार है लेकिन समाज के बीच मनभेद दिखाकर एक-दूसरे नेता को अच्छा-खराब और कमियां निकालकर सोशल मीडिया पर उल्टी-सीधी बातें पोस्ट कर न तो समाज का नेतृत्व कर सकता है, न ही अपना और अपने समाज का भला कर सकता है। हां, ये जरूर होता है कि अन्य समाज के लोग और पार्टियों के लोग ऐसे बयानवीरों फेसबुकिया हीरो को दो कौड़ी से ज्यादा इज्जत नहीं देते। राजनैतिक हिस्सेदारी और भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एकजुटता दिखाई देनी चाहिए, न कि एक-दूसरे की टांग खिंचाई करते रहना चाहिए। आजकल कुछ नवेले संगठनों से जुड़े और पर्दे के पीछे से जो राजनैतिक ठेकेदारी का खेल खेल रहे हैं, तमाम समाज के बुद्धिजीवी लोग समझ रहे हैं। किसी भी दल में अगर वह प्रदेश या राष्ट्रीय पद पर पहुंचा है तो उसकी काबिलियत और संघर्षों की बदौलत है। समाज में बढ़ रहे अत्याचारों का मुख्य विरोध होना चाहिए लेकिन किसी समाज के नेता को भला-बुरा कहकर समाज की एकजुटता नहीं दिखाई जा सकती है, वह चाहे सपा का नेता हो या बसपा का, भाजपा, कांग्रेस या अन्य किसी दल का, हम उन्हें मजबूत नहीं कर सकते तो मजबूर भी न करें, नहीं तो हर बार की तरह वही ढाक के तीन पात की हैसियत बनी रहेगी। प्रश्न सत्ता और सरकार से होता है, समर्थन और विरोध आपकी समाजिक एकजुटता पर निर्भर करता है। खासकर हमारे उत्तर प्रदेश में कुछ ऐसे भी सामाजिक संगठन हैं जो खुद तो क्या कर रहे हैं नहीं पता लेकिन उनके नये नवेले पदाधिकारी एक नेता की तुलना दूसरे से, दूसरे की तीसरे से करने में मस्त हैं। जहां अन्य समाज का युवा शिक्षा, रोजगार और नौकरियों में लगकर आगे बढ़ रहा है तो हमारे यहां पढ़ने, तैयारी करने, रोजगार और नौकरियों पर ध्यान कम देकर युवा पदाधिकारी बनकर फेसबुक यूनिवर्सिटी पर ज्ञान जरूर बांट रहे हैं। न दल में, न दलदल में और कहेंगे हम युवाओं को आगे बढ़ने से रोका जाता है। आखिर उन्हें शिक्षा, रोजगार, राजनीति में जाने से कौन रोक रहा है। बस मोहरा बनकर न समाज को खोखला करो, न अपने आप को। नेता समाज का है, सामाजिक सम्बन्ध जुड़ा है, राजनैतिक रूप से विचारधारा और पार्टियां भले अलग-अलग हैं, व्यक्तिगत कटुता और निजी टिप्पणियां, गाली-गलौज से समाज में विष वमन से बचना चाहिए। हम अहिल्याबाई होलकर के वंशज हैं, यह भी याद रखना चाहिए। चाटुकारिता के चक्कर में न फंसकर अपने समाज और संगठन की गरिमा को बनाए रखना चाहिए। आशा है हम सभी इस बात के लिए एकजुटता और समन्वय स्थापित कर आगे बढ़ेंगे और समाज को भी आगे बढ़ाने में योगदान देंगे।



**-महेंद्र प्रसाद पाल गुरुजी**
स्वतन्त्र लेखक एवं सामाजिक चिंतक
मो. 8960194670

## महिला सशक्तिकरण कानून को बनाने की आवश्यकता क्यों पड़ी?

महिला सशक्तिकरण वह प्रक्रिया है जिसमें महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षिक रूप से सशक्त बनाया जाता है, ताकि वे अपने जीवन के फैसले खुद ले सकें, समान अधिकारों का उपयोग कर सकें और समाज में बराबरी का स्थान बना सकें। भारत देश में वैसे तो दिखावटी रूप से संविधान लागू है जिसमें सभी के लिए नियम-कानून समान हैं, लेकिन वास्तविकता में दुनिया का सबसे बड़ा झूठ यही है कि भारत में नियम-कानून सभी के लिए बराबर हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए बनाए गए नियम-कानून सिर्फ और सिर्फ कुछ खास वर्ग और वर्ण की महिलाओं को सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए बनाए गए हैं, ना कि देश की सभी वर्ग और वर्ण की बच्चियों व महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाए गए हैं। सबसे ज्यादा सोचने वाली बात यह है कि महिला सशक्तिकरण के नाम पर कुछ खास वर्ग और वर्ण की महिलाओं को यह सुरक्षा प्रदान करने की आवश्यकता क्यों पड़ी? महिला सशक्तिकरण के कानून को बनाने की आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि आज देश में महिलाएं भी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और जब आज यही महिलाएं अर्धनग्न होकर बाहर निकलती हैं तब कहीं कोई इस देश में गुलाम वर्ग और वर्ण का प्रभावशाली व्यक्ति उन्हें अपने प्रभाव में न ले सके, इसलिए महिला सशक्तिकरण का कानून बनाया गया है, ना कि सभी महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए। इस विशेष वर्ग और वर्ण को अशोक खरात जैसे बाबाओं द्वारा जब खास वर्ग और वर्ण की महिलाओं का वीडियो बनाकर, वीर्यदान के नाम पर शोषण होता है तब इन्हें कोई ज्यादा खास आपत्ति नहीं होती है। लेकिन गुलाम वर्ग और वर्ण के प्रभावशाली व्यक्ति के प्रभाव में यदि कोई नैतिकता के साथ भी इन संबंधों को आगे बढ़ाता है तो महिला सशक्तिकरण के काले कानूनों का दुरुपयोग करके उस गुलाम वर्ण और वर्ग के व्यक्ति की जिंदगी कैसे तबाह की जा सके, इसलिए महिला सशक्तिकरण के कानून बनाए गए हैं। अभी उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में शिल्पी कुशवाहा की हत्या एक ब्राह्मण परिवार के युवक ने फावड़े से घर में घुसकर कर दी, लेकिन यहां पर योगी बाबा के बुलडोजर का डीजल खत्म हो गया। एक साल पहले उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में धन्नू तिवारी ने एक नाबालिग बच्ची के साथ दुराचार किया, तब योगी बाबा के बुलडोजर में तकनीकी खराबी आ गई और वहां पर महिला सशक्तिकरण का कोई कानून लागू नहीं हो पाया। कौशांबी मामले में तो प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने खुलकर आरोपी परिवार का समर्थन भी किया। इसके बाद बच्ची के परिवार वालों को जेल में भी डलवा दिया। लेकिन पीड़ित बच्ची की जाति के सांसद जो सुरक्षित सीट से सांसद हैं और कहने के लिए केंद्र सरकार में मंत्री भी हैं, वो पीड़ित बच्ची के घर सांत्वना देने तक भी नहीं जा पाए। क्या हमें ऐसे नेताओं के ऊपर गर्व करना चाहिए या शर्मिंदा होना चाहिए, ये फैसला हमें खुद लेना पड़ेगा। अभी कुछ दिन पहले फिर कौशांबी जिले में एक बच्ची की हत्या कर-के उसे पेड़ पर लटका दिए जाने का समाचार मिला, लेकिन यहां भी महिला सशक्तिकरण का कोई कानून काम नहीं आया और यहां भी योगी बाबा के बुलडोजर की हवा निकल गई, क्योंकि पीड़ित बच्ची एक विशेष वर्ग और वर्ण से नहीं आती थी। जीवन एक अनमोल उपहार है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि जीवन जितना महत्वपूर्ण है, मृत्यु भी उतनी ही महत्वपूर्ण है? सवाल यह नहीं है कि हम कब मरेंगे, सवाल यह है कि हम कैसे मरेंगे? क्या हम पीड़ा, अपमान और बेबसी में तड़प-तड़पकर मरेंगे या मान-सम्मान के साथ, गरिमा के साथ, अपनी इच्छा और सम्मान को बनाए रखते हुए मरेंगे?



**-उदय पाल,** दिल्ली
मो. 9821189131

## ओबीसी वर्ग के नायक अपनी लड़ाई लड़ने के लिए आगे आएं!

लोकतंत्र में अब बहसें बड़ी आम बात हो गई हैं। बात रखने के लिए कितने ही मल्टीमीडिया प्लेटफार्मों पर लोग अपने-अपने हकों, अधिकारों के लिए अब पहले से ज्यादा सजग हो चले हैं। संसद भवन में जो नारी वंदन अधिनियम 2023 को लेकर के 16, 17 और 18 अप्रैल में बहस चली उसमें लोकतंत्र की बहुदलीय प्रणाली ने अपने नफा-नुकसान से पैंतरेबाजी में अपनी-अपनी राजनीतिक पार्टियों की सोच के ढंगों से उसके गुण-दोष की विवेचना की गई। उसमें एक बात स्पष्ट रूप से निकलकर आई कि अब कोई भी शासित पार्टी अपने मनमानेपन से अपना ही विचार लादकर या अपनी बात मनवाकर देश में शासन नहीं कर पाएगी, चाहे जितना अपने को सही ठहराए। कारण, जब परिणाम आया तो सरकार को 298 मत मिले। विपक्ष ने 230 मत डालकर सरकार को हरवाया। बहस जो चली तीन दिन, वह तीन बिंदुओं पर केंद्रित रही। मौजूदा स्थिति में महिलाओं को 33% आरक्षण मिले, जाति जनगणना हो जाए और आनुपातिक रूप से आंकड़े आने के बाद परिसीमन कर-के बढ़ाई गई सीटों पर ओबीसी महिलाओं या ओबीसी समाज को 50% आरक्षण के साथ महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए; तब नारी वंदन अधिनियम-2023 आने वाले समय में 2027 तक लागू हो पाएगा। आंकड़ों के आने के बाद फिर 2029 के लोकसभा चुनाव में इसे लागू किया जाएगा। तमाम राजनैतिक दलों की नाराजगी और गहरे आक्रोश के बीच यह बहस हुई। वैचारिक रूप से नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी ने तो भाषा की मर्यादा ही तोड़ दी। उन्होंने यह आरोप लगाया कि सरकार की नीयत चुनाव प्रभावित करने की है जो इस समय दो राज्यों बंगाल और तमिलनाडु में होने जा रहे हैं। यह खेल ताली बजाने और जनसामान्य को अपनी ओर आकर्षित करने का है। यह एक प्रकार से हुनर से ऐब करना प्रदर्शित कर रहा है जो अब स्वीकार नहीं है। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने जातीय जनगणना कराने तथा 50 प्रतिशत महिला आरक्षण की वकालत की। मेरा अपना भी मत पत्रकारिता व जन सरोकारी पत्रकारिता के चलते यही है कि विपक्ष भी इस समय अपनी बात पहली बार ढंग से रख पाया। यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है कि आम राय ली जाए, चुनाव जीतने के लिए नैतिक आदर्शों को जगह मिले ना कि वोटरों को लुभाया जाए, चुनाव के दौरान पैसा बांटा जाए। अब राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी ज्यादा बढ़ चली है कि वह सही विकल्प निकालें। ओबीसी महिलाओं का आशाभरी कातर दृष्टि से देखना स्वाभाविक है कि आने वाले समय में कितनी चालबाजियों के बीच उसे जगह मिलेगी, जगह मिलेगी भी कि नहीं? या वह फिर से इस्तेमाल ही की जाएगी, यह बड़ा सवाल बना है। इसके लिए सभी दलों को नए पैमाने निश्चित रूप से बनाने होंगे। आरक्षण बिना मिले जटिल भारतीय सामाजिक संरचना का ढांचा नहीं बदलेगा, यह तो निश्चित है। उसे अब 50% तक अपनी उपस्थिति दर्ज करनी है। ओबीसी वर्ग की अपनी सहभागिता की आधी-अधूरी लड़ाई लड़ने के लिए नायक आगे आएं। इसमें राजनीतिक दलों की सीमाओं को छोड़ पिछड़े वर्ग की महिला व पुरुष दोनों नायकों को अपने हित की बहस करनी ही पड़ेगी। हम समझ रहे हैं कि इससे एक नए भारत के निर्माण को बनने से अब कोई रोक नहीं पाएगा, तभी पिछड़े वर्ग की महिला का भी सम्मान सुनिश्चित होगा और नारी वंदन अधिनियम-2023 परिसीमन के नए आयामों के साथ नए भारत के इतिहास का हिस्सा भी बनेगा। आशा है कि भारत की अगड़ी-पिछड़ी सभी नारी शक्ति इस बहस में सही निर्णय निकालेंगी।



**-जगदीश प्रसाद पाल,** उन्नाव
परास्नातक जनसंचार
मो. 9794866822

## पनीर खरीदते समय सावधानी बरतें, जांच के आसान तरीके!

आज शादी-विवाह या कोई भी मांगलिक कार्यक्रम हो, यहां तक कि लोग मृत्युभोज में भी पनीर की सब्जी बनवाने लगे हैं। मैं आप सबसे निवेदन के रूप में यह कहना चाहता हूं कि अगर पनीर की सब्जी बनवानी ही है तो बाजार से पनीर मत खरीदें क्योंकि वह केमिकल के द्वारा बनाई गई है जो शरीर के कई अंगों को विशेष रूप से नुकसान पहुंचाती है। इसलिए किसी दूधिये से दूध खरीद करके अपने घर पर बनवाइए, वह कहीं तक ठीक रहेगी परंतु बाजार की पनीर खरीद करके मत बनवाइए। फिर भी हम असली पनीर की पहचान बताते हैं। उसे सूंघकर, दबाकर या पानी में उबालकर देखें, असली पनीर नरम, हल्का स्पंजी और



मलाईदार होता है, जबकि नकली पनीर सख्त, रबर जैसा या अधिक चिपचिपा हो सकता है। पानी में डालने पर असली पनीर तैरता रहता है और गर्म करने पर पिघलता नहीं बल्कि हल्का ब्राउन होता है।


**जांच के आसान तरीके**

पानी में उबालें-पनीर को पानी में उबालने पर अगर वह रबर जैसा सख्त हो जाए या घुलने लगे तो नकली है।

हाथ से दबाकर देखें-शुद्ध पनीर को दबाने पर वह आसानी से बिखरता नहीं है और अपने रूप या आकार में ही रहता है।

स्वाद और महक-असली पनीर में ताजी हल्की मीठी और मलाईदार खुशबू होती है जबकि नकली में डिटर्जेंट या केमिकल जैसी गंध आ सकती है।

तवे पर टेस्ट-सूखी कढ़ाही में गर्म करने पर असली पनीर धीरे-धीरे हल्का भूरा होता है और बिखरता नहीं जबकि नकली पनीर तेजी से पिघल सकता है।



**-आर.एस. धनगर परिवर्तन**
मो. 9695836581

# भोपाल में धूमधाम से सम्पन्न हुआ 45वां निशुल्क आदर्श विवाह सम्मेलन

**भोपाल।** अखिल भारतीय पाल महासभा के तत्वावधान में अक्षय तृतीया के अवसर पर 45वां निशुल्क आदर्श विवाह सम्मेलन यहां बड़े ही धूमधाम से राष्ट्रीय अध्यक्ष शैतान सिंह पाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि भोपाल नगर निगम की महापौर श्रीमती मालती राय ने अपने उद्बोधन में इस आयोजन के लिए समस्त पाल समाज एवं शैतान सिंह पाल की प्रशंसा की। निशुल्क आदर्श विवाह की अध्यक्षता



शैतान सिंह पाल ने की। अखिल भारतीय पाल महासभा के तत्वावधान में लगातार 45 वर्ष से निशुल्क आदर्श विवाह विट्ठल मार्केट दशहरा मैदान में होता चला आ रहा है। बारात बड़े धूमधाम से निकाली गई। ऊंट व रथों पर दूल्हा-दुल्हन शाहपुरा शैतान सिंह मार्केट से चलकर मुख्य मार्ग से होते हुए विट्ठल मार्केट दशहरा मैदान में पहुंचे। इस आयोजन में राष्ट्रीय महासचिव मलखान सिंह पाल, राष्ट्रीय महामंत्री गेंदालाल पाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री जितेंद्र सिंह पाल, प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र पाल, प्रदेश महामंत्री धर्मदास बबलू पाल, सिलवानी ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र पाल सहित बड़ी संख्या में महासभा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। -ब्यूरो

# हरियाणा सरकार समाज को 2500 वर्गमीटर भूमि देगी : सतीश बघेल

**पलवल।** देवी अहिल्याबाई होल्कर बघेल महासभा हरियाणा एवं देवी अहिल्याबाई होलकर बघेल धर्मशाला कुस्लीपुर पलवल एवं बघेल समाज की संस्था जिसके अध्यक्ष पूरन सिंह बघेल प्रधान एवं उद्योगपति फरीदाबाद हैं, के मांगपत्र पर बल्लभगढ़ या फरीदाबाद में कहीं पर 2500 वर्गमीटर जमीन निशुल्क समाज को दिलाने की प्रक्रिया विपुल गोयल कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार के सहयोग से चालू हो गई है। मंत्री ने समाज के मांगपत्र को नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार एवं चीफ सेक्रेटरी चंडीगढ़ को संस्तुति करके भेज दिया है। बहुत जल्द पाल बघेल गडरिया



समाज का एक प्रतिनिधिमंडल मंत्री विपुल गोयल की मार्फत मुख्यमंत्री से मिलकर इस जमीन की समस्या का समाधान करेगा। उक्त जानकारी देते हुए सतीश बघेल ने बताया कि पाल बघेल गडरिया समाज को पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा अनुसूचित जाति में शामिल करने का केस भी पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में पेंडिंग पड़ा हुआ है। इस प्रक्रिया में बदलाव लाते हुए संविधान अनुसार आर्टिकल 341 के तहत हरियाणा की सरकार पाल बघेल गडरिया समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने की सिफारिश केंद्र सरकार को भिजवाए, इसके लिए भी दबाव डालेंगे। हाईकोर्ट में केस चल रहा है, चलता रहेगा। संविधान अनुसार हरियाणा प्रदेश सरकार अपनी सिफारिश केंद्र सरकार को भिजवा देती है तो संसद में बिल पास होकर राष्ट्रपति द्वारा गजट नोटिफिकेशन हो सकता है। तब जाकर समाज को सही मायने में न्याय मिलेगा। -ब्यूरो

# नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुनील कुमार पाल का भव्य स्वागत

**मुजफ्फरनगर।** अखिल विश्व पाल क्षत्रिय महासभा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुनील कुमार पाल का 19 अप्रैल को बच्चन सिंह कॉलोनी स्थित रविन्द्र चंदेल के आवास पर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रविन्द्र चंदेल द्वारा किया गया, जिसमें संगठन के पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उपस्थित लोगों ने जिला अध्यक्ष का फूल-मालाओं से स्वागत कर उनके नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त किया। इस अवसर पर संगठन के महासचिव देशपाल, कोषाध्यक्ष



विनय पाल, उपाध्यक्ष अनिल पाल एवं भूषण पाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त समाज के कृष्ण पाल, विशाल पाल, विनोद पाल, संगठन मंत्री विजय पाल (नासिरपुर), अनिल पाल, महक सिंह पाल, अमित पाल (पचैण्डा खुर्द), नितिन, अनुज, सुमित, कमल पाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं युवा



कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष सुनील कुमार पाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन को मजबूत करने एवं समाज के विकास के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने सभी से एकजुट होकर समाजहित में कार्य करने का आह्वान किया। -ब्यूरो

# रोहित कॉस्मेटिक्स एवं जनरल स्टोर का भव्य उद्घाटन

**मेरठ।** वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता बिजेन्द्र पाल के प्रतिष्ठान रोहित कॉस्मेटिक्स एवं जनरल स्टोर का भव्य उद्घाटन 22 अप्रैल को यहां घोपला रोड रिठानी में मेरठ दक्षिण विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में भाजपा के जिलाध्यक्ष हरवीर पाल, अखिल भारतीय पाल महासभा के राष्ट्रीय सचिव कृपाल सिंह पाल, जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश पाल, युवा जिलाध्यक्ष दीपक पाल, पूर्व युवा जिलाध्यक्ष तपेश पाल, संदीप पाल फाजलपुर, गुलशन पाल, चन्द्रपाल मोहकमपुर, सुरेन्द्र पाल प्रधान, मास्टर गजराज सिंह, पूर्व पार्षद रमेश चन्द पाल, राजेन्द्र पाल गेसूपुर, तेजवीर सिंह पाल, किरन पाल सिंह, पत्रकार





निरंजन सिंह पाल, मास्टर महेश पाल सहित बड़ी संख्या में समाजसेवियों एवं राजनीतिज्ञों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर विभिन्न लोगों को सम्मानित भी किया गया। -ब्यूरो

# सुख पाल को सम्मानित किया



**दिल्ली।** देवी अहिल्याबाई सामूहिक विवाह सेवा ट्रस्ट (रजि.) की टीम ने 22 अप्रैल को सुख पाल (इंजीनियर दिल्ली जल बोर्ड) को कोर कमेटी मेंबर सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया। सम्मानित करने वालों में महेश चन्द पाल, जेडी पाल, रामप्रकाश पाल आदि शामिल रहे। -ब्यूरो

# नंदकिशोर पाल का हाल जानने पहुंचे कपिलदेव अग्रवाल



**मुजफ्फरनगर।** भाजपा के केशव मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पाल का हाल जानने के लिए कपिलदेव अग्रवाल नगर विधायक नानकी मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उनके साथ नामिष चंदेल, बबलू धनगर आदि मौजूद रहे। -शरद पाल

# सामूहिक श्रमदान सेवा अभियान चलाया

**तखतपुर।** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर एवं पूर्वजों की पावन स्मृति में रोपण किए गए पौधों के आसपास की सामूहिक श्रमदान से सफाई एवं मिट्टी भराई तथा जल सेवा का कार्य सामूहिक रूप से किया गया। नारायण प्रसाद पाली (साहित्यकार) वरिष्ठ नागरिक गडरिया समाज ने बताया कि सामूहिक श्रमदान में श्रीमती मीरा पाली, नारायण प्रसाद पाली, प्रज्ञा नारायण पाली, गायत्री परिवार तखतपुर एवं ग्राम अमोरा के श्रीमती




गायत्री दिनेश साहू, श्रीमती रुक्मणी सुरेश डडसेना, श्रीमती उमा व्यास नारायण, डॉ. राहुल, डॉ. अतुल डडसेना, नारायण यादव, नानू पटेल एवं सहयोगी साथी शामिल रहे। -ब्यूरो

# धनगर गडरिया समाज की बैठक सम्पन्न

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ गडरिया धनगर समाज जिला शाखा की बैठक सामाजिक भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कपूर चंद्र धनगर जिला अध्यक्ष द्वारा की गई। बैठक में संगठन के अब तक के कार्यों की समीक्षा की गई तथा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी प्रस्तुत की गई। नारायण प्रसाद पाली (साहित्यकार) मीडिया प्रभारी प्रदेश संगठन रायपुर ने बताया कि बैठक में प्रकाश धनगर, सीएल



धनगर, मयारू गुरुजी, धर्मेंद्र धनगर, धनेश धनगर, गणेश पाल, थलकमल, संजय धनगर एवं महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। -ब्यूरो

# स्व. बिजेद्र पाल के परिजनों से मिले योगी आदित्यनाथ व जयंत चौधरी

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने नुमाइश मैदान की विशाल जनसभा के उपरांत वरिष्ठ भाजपा नेता स्व. बिजेद्र पाल के परिजनों से आत्मीय भेंट कर गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि भाजपा अपने प्रत्येक समर्पित कार्यकर्ता एवं उनके परिवार के साथ हर परिस्थिति में मजबूती से खड़ी है।



उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा हरसंभव सहायता सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर कपिल देव अग्रवाल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। -शरद पाल

# आकाश पाल का सपा नेताओं ने किया भव्य स्वागत

**मुजफ्फरनगर।** सरवट के बसंत विहार निवासी आकाश पाल के पीसीएस अधिकारी बनने पर सपा नेताओं ने उनके निवास पर जाकर परिवारजनों को बधाई दी। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष व जिला बार संघ के अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, विनय पाल प्रमुख, प्रदेश सचिव अब्दुल्ला राणा, साजिद हसन, दर्शन पाल धनगर, संदीप पाल धनगर, विजय पाल, सतीश गुर्जर, नरेश विश्वकर्मा, डॉक्टर प्रमोद पाल, बबलू पाल, प्रमोद पाल आदि ने आकाश पाल को शॉल ओढ़ाकर, माला



पहनाकर, मिठाई खिलाकर व पुण्यश्लोक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा भेंट कर शुभकामनाएं दीं। मुख्य रूप से पवन पाल जिला सचिव समाजवादी पार्टी भी उपस्थित रहे। -शरद पाल

# आकाश पाल को बधाई व शुभकामनाएं दी

**मुजफ्फरनगर।** पीसीएस अधिकारी बनकर जिले का नाम रोशन करने वाले आकाश पाल को हरिकमल दर्पण के जिला प्रतिनिधि शरद पाल ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की तस्वीर भेंट कर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पवन पाल, विनय पाल प्रमुख, विजय



पाल, प्रमोद त्यागी, संदीप धनगर, प्रमोद पाल आदि ने भी उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। -ब्यूरो

# महादेव जानकर को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने पहुंचे अनेक नेता

**मुम्बई।** राष्ट्रीय समाज पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष व महाराष्ट्र के पूर्व कैबिनेट मंत्री महादेव जानकर के 58वें जन्मदिन के अवसर पर शुभकामनाएँ देने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता महाराष्ट्र के पूर्व कैबिनेट मंत्री चंद्रकांत त्रिपाठी उपस्थित हुए। महादेव जानकर का नालासोपारा पूर्व में राष्ट्रीय समाज पार्टी पालघर ज़िले की तरफ से 58000 रुपये की निधि संकलन के साथ सत्कार किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय समाज पक्ष के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव



बालकृष्ण लेंगरे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुमार सुशील, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजय उपाध्याय, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष काशीनाथ शेवते, युवा प्रदेश अध्यक्ष अजीत पाटील, कोंकण प्रदेश प्रभारी रमेश कारंडे उपस्थित रहे। -एस.एल. अक्कीसागर

# शेफर्ड्स इंडिया इंटरनेशनल की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

**नई दिल्ली।** आर.के. पुरम स्थित दिल्ली कर्नाटक संघ भवन में शेफर्ड्स इंडिया इंटरनेशनल के संस्थापक अध्यक्ष ए.एच. विश्वनाथ के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विधायक पूजा पाल भी उपस्थित रहीं। बैठक में संगठनात्मक विकास, नीतियों पर विस्तृत चर्चा, राष्ट्रीय सदस्यता अभियान को मजबूत करने तथा संगठनात्मक क्षमता रखने वाले नए सदस्यों को जोड़ने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त बनाने के लिए कई अहम सुझाव भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौरान 'नारी शक्ति' को केवल एक शब्द नहीं, बल्कि परिवर्तन की सशक्त ऊर्जा बताया गया। महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को आगे



बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। शेफर्ड्स इंडिया इंटरनेशनल की गवर्निंग बॉडी सदस्य के रूप में मिली जिम्मेदारी को गर्व और संकल्प का प्रतीक बताते हुए कहा गया कि यह अवसर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाली महिलाओं की आवाज को और मजबूत करेगा। जनसेवा, विकास और सशक्तिकरण को अपना संकल्प बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि जनता का विश्वास ही सबसे बड़ी शक्ति है और उसी के बल पर समाजहित के कार्य निरंतर आगे बढ़ाए जाएंगे। -ब्यूरो

# पहलवान सिंह बघेल की श्रद्धांजलि सभा में उमड़ा जनसैलाब



**ग्वालियर।** डॉ. बृजेश बघेल चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष भाजपा दतिया के पिताजी पहलवान सिंह बघेल के आकस्मिक निधन पर 18 अप्रैल को इंदरगढ़ स्थित खेड़ापति सरकार मैरिज गार्डन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में भाजपा के पदाधिकारी व क्षेत्रीय लोग उपस्थित हुए और शोक व्यक्त कर उनकी तस्वीर पर फूलमाला पहनाकर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश दांतरे, भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर कुशवाह, जिला पंचायत सदस्य केशव बघेल, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोहर बघेल (फौजी), जिला महामंत्री भूरे चौधरी, वरिष्ठ नेता कालीचरण कुशवाह, वीरपाल बघेल, डॉ. अरविन्द पाल कृष्णा हॉस्पिटल, कांग्रेस नेता एडवोकेट जसमंत, समाजसेवी दुर्गेश बघेल, हरिराम पाल, जय पाल, अजय पाल, राम सिंह पाल, धन सिंह नेता, अजय चानना उप निरीक्षक, रामवतार यादव, निराले गोस्वामी, संदीप सिंह गुर्जर सेनपुरा, आज्ञाराम बघेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने स्व. बघेल के व्यक्तित्व और समाज में उनके योगदान को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की गई। **-अमोलक सिंह बघेल**

## प्रयागराज में महादेव जानकार का जन्मदिन मनाया




**प्रयागराज।** राष्ट्रीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य ज्ञान चन्द पाल की अगुवाई में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महादेव जानकार पूर्व कैबिनेट मंत्री महाराष्ट्र सरकार का 58वां जन्मदिन मनाया गया। भदोही के दीनानाथ गड़रिया ने केक काटा। आशीष पाल एडवोकेट, विनोद पाल जिला अध्यक्ष, अम्बुज पाल इलाहाबाद विश्वविद्यालय, दीपक यादव, एडवोकेट हिमांशु यादव, एडवोकेट सिद्धार्थ मौर्य, एडवोकेट शुभम यादव, लाल चंद्र पाल, अशोक पाल, धर्मेंद्र पाल, भोला नाथ पाल, विद्याधर पाल, गुलाबधर पाल, एडवोकेट राकेश पाल पूर्व प्रधान गौरा, शिव पाल, सुमित पाल, बृजेश पाल, रामजतन पाल सहित पार्टी के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। **-एडवोकेट सर्वजीत पाल**

## प्रमोद कुमार बघेल बने पंचायत परिषद अलीगढ़ के जिला उपाध्यक्ष



**हाथरस।** प्रमोद कुमार बघेल एडवोकेट, निवासी शहबाजपुर, ब्लॉक धनीपुर (अलीगढ़) को अखिल भारतीय पंचायत परिषद अलीगढ़ का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उन्हें मनोनयन पत्र परिषद के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी ठाकुर गवेंद्र सिंह एडवोकेट द्वारा दीवानी परिसर स्थित उनके चेंबर में प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी ने प्रमोद कुमार बघेल को बधाई देते हुए कहा कि वह एक सक्रिय, कर्मठ एवं जुझारू समाजसेवी हैं। उनके पदाधिकारी बनने से पंचायत परिषद का संगठन जिले में और अधिक मजबूत होगा। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार बघेल ने कहा कि वह संगठन को मजबूत करने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे और पंचायत परिषद के कार्यक्रमों को गांव-गांव तक पहुंचाएंगे। हरिकमल दर्पण परिवार की ओर से उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं। **-सम्पादक**

## पालघर में महादेव जानकर का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



**पालघर।** नालासोपारा पूर्व में राष्ट्रीय समाज पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री महादेव जानकर का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में समर्थकों और कार्यकर्ताओं की भारी उपस्थिति रही। इस अवसर पर शेफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घनश्याम पाल, मुंबई अध्यक्ष शेषधर पाल, पूर्व मंत्री चंद्रकांत त्रिपाठी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर महादेव जानकर का आत्मीय स्वागत किया तथा जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में समाजहित, संगठन की मजबूती और जनसेवा को लेकर भी चर्चा हुई। उपस्थित लोगों ने महादेव जानकर के नेतृत्व एवं समाज के प्रति उनके योगदान की सराहना की। जन्मदिन समारोह सौहार्द, उत्साह और सामाजिक एकता का संदेश देने वाला रहा। **-ब्यूरो**

## भाजपा नेता बिजेंद्र पाल की रस्म तेरहवीं में उमड़ा जनसैलाब





**मुजफ्फरनगर।** स्वर्गीय भाजपा नेता बिजेंद्र पाल की रस्म तेरहवीं रुड़की रोड स्थित किरण फार्म में आयोजित की गई। उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए शहर के गणमान्य नागरिकों और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का तांता लगा रहा। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में पवन पाल जिला सचिव सपा, दर्शनलाल सिंह धनगर, उमेश पाल समाजसेवी, बसपा नेता कुलबीर पाल, पूर्व जिला अध्यक्ष पुष्पांकर पाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रोहतास पाल, जिला मंत्री रविकांत पाल, सभासद राजवीर पाल, पूर्व सांसद अनुराधा चौधरी, राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल, पूर्व मंत्री संजीव बालियान, पूर्व विधायक उमेश मलिक, पाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रह्मप्रकाश पाल, मीरा पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी और पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, भाजपा नेता मोहन तायल, अमरनाथ पाल, सुधीर खटीक, पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व पालिकाध्यक्ष डॉ. सुभाष शर्मा आदि शामिल रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा को नमन करते हुए उनके राजनीतिक जीवन और सामाजिक योगदान को याद किया। **-शरद पाल**

## जय झेरिया गडरिया समाज द्वारा की गई सामाजिक चर्चा



**रायपुर।** जय झेरिया गडरिया समाज के अध्यक्ष सुंदर पाल के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारियों ने अजय हंसा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सर्व गडरिया समाज महासंघ से रायपुर में सौजन्य मुलाकात कर देवी अहिल्याबाई होलकर जयंती मनाने, समाज विकास एवं सर्व गडरिया समाज महासंघ में शामिल होने हेतु तथा विभिन्न विषयों पर चर्चा कर निवेदन किया। नारायण प्रसाद पाली वरिष्ठ नागरिक गडरिया समाज ने बताया कि छत्तीसगढ़ सर्व गडरिया समाज महासंघ रायपुर के प्रदेश अध्यक्ष अजय हंसा विभिन्न फिरकों के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिकों के सुख-दुख में और सामाजिक कार्यों में समय निकालकर न केवल पहुंच रहे हैं बल्कि उनकी समस्याओं का समाधान करने हेतु सबके परामर्श से प्रयासरत हैं। उनकी सार्थक पहल और प्रयास से समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित होने का अवसर प्राप्त हो रहा है। **-ब्यूरो**

## मानवता दूत सम्मान से सम्मानित हुए मुकेश




**फतेहाबाद (आगरा)।** दाऊजी गार्डन में वीर एकलव्य सेवा संस्था ने अपना तृतीय स्थापना दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ एकलव्य की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करने से हुआ। इस अवसर पर मुकेश कुमार ऋषि वर्मा (अध्यक्ष-बृजलोक साहित्य कला संस्कृति अकादमी) को 'मानवता दूत सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप उन्हें सम्मान पत्र, अंग वस्त्र प्रदान किए गये। वीर एकलव्य सेवा संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक कुरीतियों, विधिक सेवाओं व अन्य सामाजिक कार्यों पर कार्य कर रही है। इस अवसर पर मौजूद रहे अवधेश कुमार निषाद, विकास वर्मा, भूरीसिंह, पीतम सिंह, हिम्मत सिंह, निहारिका, विनोद कुमार आदि। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए उचित भोजन की व्यवस्था की गई। कुल मिलाकर कार्यक्रम पूर्णतः सफल रहा। **-ब्यूरो**

### मेरठ में हरिकमल दर्पण के सदस्य बनने, समाचार, लेख, विज्ञापन आदि देने के लिए आप हमारे संरक्षकों से भी सम्पर्क कर सकते हैं-

1. **श्री कृपाल सिंह पाल** (राष्ट्रीय सचिव, अ.भा. पाल महासभा)
142, ऋषिपुरम, रोहटा रोड, मेरठ। मो0 9997933726
2. **सूबेदार हरपाल सिंह पाल** (पूर्व महासचिव , अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
638/50, न्यू सैनिक कॉलोनी, खिर्वा रोड, कंकरखेड़ा, मेरठ कैन्ट। मो0 9758196520
3. **श्री रमेश चन्द पाल**, पार्षद पति (संरक्षक, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
पाल धर्मशाला, रिठानी, मेरठ। मो0 9457033344
4. **एडवोकेट रामकरण सिंह पाल** (कानूनी सलाहकार , अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
ग्राम-घाट, डॉ0-पाँचली खुर्द, जिला मेरठ। मो0 8630647665
5. **श्री जयपाल सिंह पाल**, (पूर्व पार्षद एवं पूर्व अध्यक्ष अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
सुमित्रा देवी पब्लिक स्कूल, मोहकमपुर, मेरठ। मो0 9319949709
6. **श्री सत्यपाल कलंजरी** (अध्यक्ष, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
कार्यालय : प्लॉट नं0 11, सेक्टर-6-1, पैंठ रोड, शताब्दी नगर, मेरठ।
निवास : बी-228, सेक्टर-1, शताब्दी नगर, मेरठ। मो0 9837182284
7. **श्री महेन्द्र पाल (मिर्ची)** (उपाध्यक्ष, अ.भा. पाल महासभा मेरठ)
प्रतिष्ठान: कृष्णा ट्रेडिंग कंपनी, 75, गडोदिया मार्केट फर्स्ट फ्लोर, खारी बावली, दिल्ली-6
निवास: 50/7, रामप्रस्थ ग्रीन, वैशाली, गाजियाबाद। मो. 8766371312, 8057545916
8. **श्री अमित कुमार पाल** (मेरठ महानगर अध्यक्ष, शेफर्ड इंडिया इंटरनेशनल)
दुकान : शॉप नं0 2, कला मंदिर वाली गली, पैंठ एरिया, लालकुर्ती,मेरठ कैंट।
निवास : 121/14, प्रगति नगर, दयावती एकाडेमी वाली गली, मेरठ। मो0 9927880107
9. **ठेकेदार कमल पाल सिंह** (मेरठ मंडल महासचिव, शेफर्ड इंडिया इंटरनेशनल)
377, नई गोविन्दपुरी, कंकरखेड़ा, मेरठ कैन्ट ।मो0 8006567896
10. **श्री दीपक पाल** ( अध्यक्ष, अ.भा. युवा पाल महासभा मेरठ)
दुकान: पाल साड़ी महल, मैन मार्किट, गोलाबढ़, रोहटा रोड, मेरठ।
निवास: ग्राम खड़ौली, मेरठ। मो0 9897876137

### निःशुल्क कानूनी सलाह लें!

पाल समाज के व्यक्तियों के लिए 'हरिकमल दर्पण' निःशुल्क कानूनी सलाह की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। इसके लिए सम्पर्क करें-

1. **श्री राजकुमार सिंह पाल एडवोकेट,**
सी-10, पांडव नगर, मेरठ। मो0 9837474234
2. **श्री रामकरण पाल एडवोकेट**
ग्राम-घाट, डा0-पाँचली खुर्द, मेरठ। मो0 8630647665
3. **श्री महेन्द्र कुमार पाल एडवोकेट**
ए-20/3, रॉयल पार्क, पल्लवपुरम फेस 1, मेरठ। मो0 8954682770
4. **श्री मेहर सिंह पाल एडवोकेट**
721, नंगलाताशी, कंकरखेड़ा मेरठ कैंट। मो. 9259444219
5. **श्री सत्येन्द्र कुमार पाल एडवोकेट**
हाईकोर्ट सीट नं0 80, अम्बेडकर हॉल, न्यू लाईब्रेरी के नीचे, हाईकोर्ट, इलाहाबाद।
कार्यालय: 40-ए, धर्मवीर मार्ग, सुलेम सराय, इलाहाबाद। मो0 7668937169, 9451506915
6. **श्री लखमी चंद पाल एडवोकेट**
383, पर्वतीया कॉलोनी, एन.आई.टी, फरीदाबाद। मो. 9811444654
7. **एडवोकेट नीरज पाल**
फ्लैट नम्बर 1 बी, डी.आई.जेड एरिया, ब्लॉक 50, सेक्टर 2, काली बाड़ी मार्ग,
कनॉट प्लेस, दिल्ली-110001, मो.9911752988
8. **श्री सुभाष पाल एडवोकेट**
पाल सेवा समाज, एस.आर. मॉडर्न स्कूल एंड एजुकेशन, CPJ 2nd, 59 न्यू सीलमपुर, दिल्ली-110053,
मो. 9818744044, 8700153018 (WWW.PAL333.COM)
9. **श्री राजीव कुमार पाल एडवोकेट**
चैंबर नं.19, हाईकोर्ट, प्रयागराज, मो. 9368267447,8533029001
10. **एडवोकेट विवेक पाल 'टाइगर'**
टेबिल नंबर 8, ओल्ड लाइब्रेरी, उत्तरी बरामदा, हाईकोर्ट, इलाहाबाद, मो. 9559695244, 8181859252

### हमारे जनपद प्रतिनिधि

1. **गाजियाबाद में** श्री बी.के.एस. पाल मो. 9650577367
2. **गौतमबुद्धनगर में** श्री रमेश पाल खोदना मो. 9899261957
3. **अलीगढ़ में** श्री योगेश कुमार सिंह पाल मो. 9412593896
4. **लखीमपुर खीरी में** श्री अमित पाल धनगर मो. 9621968244
5. **रीवा (मध्य प्रदेश) में** श्री मोती लाल पाल मो. 9584634770
6. **गुड़गांव (हरियाणा) में** श्री राम नरेश पाल, मो. 9810967600
7. **लखनऊ में** श्री पी.के. सिंह पाल मो. 9839423719 श्री बिंदेश्वरी प्रसाद पाल मो. 9450503655
8. **सोनीपत (हरियाणा) में** श्री फत्ते सिंह पाल मो. 8816867995
9. **भोपाल में** श्री नर्मदा प्रसाद पाल मो. 9993090768
10. **भागलपुर में** श्री मनमोहन लाल पाल मो. 8004924005
11. **जौनपुर में** श्री नीलम विकास पाल मो. 8957422574
12. **हरदोई में** श्री अमित सिंह पाल मो. 8887655467
13. **इटावा में** श्रीमती विनीता पाल मो. 9891741859
14. **औरैया में** श्री मनीष पाल मो. 9758562193
15. **ललितपुर में** श्री इन्द्रपाल सिंह मो. 9695037944, 9793791944 श्री रामेश्वर पाल सिमिरिया मो. 9889577860
16. **इंदौर में** श्री दिनेश पाल मो. 8889363636
17. **जबलपुर में** श्री अनिल धनगर मो. 9165202780
18. **फरीदाबाद में** श्री देवेन्द्र कुमार होलकर मो. 9910813294
19. **फर्रुखाबाद में** श्री आवेश पाल मो. 8887698240, 9956966596
20. **मुजफ्फरनगर में** श्री शरद पाल उर्फ अभिषेक मो. 9690501498
21. **कन्नौज में** श्री राघवेन्द्र कुमार पाल मो. 708583085
22. **शाहजहाँपुर में** श्री के.पी. सिंह मो. 8840196328
23. **कौशाम्बी में** श्री श्याम कुमार पाल मो. 9621055595
24. **पलवल में** श्री नरेश कुमार बघेल मो. 8053024093 प्रोफेसर (इंजी.) भजनलाल हंस बघेल मो. 9588523484
25. **मऊ में** श्री हरिश्चंद पाल मो. 9454728541
26. **फिरोजाबाद में** श्री अनूप कुमार बघेल मो. 9557673320
27. **बिजनौर में** श्री ब्रजपाल धनगर पत्रकार मो. 9927622327, 8840524330
28. **मथुरा में** श्री संजय धनगर मो. 9412661310
29. **अयोध्या में** श्री अंजनी कुमार पाल मो. 9839500920
30. **ठाणे में** श्री अनुराग राजनरायन पाल मो. 8898985378
31. **हापुड़ में** श्री संजय पाल धनगर मो. 8868894986, 9811410592
32. **छतरपुर में** श्री रूपेन्द्र पाल मो. 9977727589, 9926102284
33. **आगरा में** श्री हरिओम बघेल (बग्गी) मो. 9411258358
34. **वाराणसी में** श्री इन्द्रदेव पाल मो. 8574027460
35. **उज्जैन में** श्री नरेन्द्र पाल मो. 9074404421
36. **देवरिया में** श्री सूरज प्रसाद पाल मो. 9415384697
37. **उन्नाव में** श्री जगदीश प्रसाद पाल मो. 9794866822 9452036460
38. **मुरादाबाद में** श्री प्रदीप कुमार सिंह पाल मो. 9917558093,
39. **प्रतापगढ़ में** श्री धर्मेन्द्र कुमार पाल मो. 9919077729, 9621073200
40. **गोडा में** श्री मुखराम पाल मो. 9455453381, 9457341699
41. **भदोही में** श्री रवि प्रकाश पाल मो. 9451013781, 6394188797
42. **सीतापुर में** श्री आदित्य प्रकाश पाल मो. 9695207197
43. **पुणे में** श्री रणवीर सिंह बघेल मो. 9423245315
44. **बीकानेर में** श्री देवेन्द्र पाल सिंह मो. 9950564478
45. **प्रयागराज में** डॉ. कुमार रमेश मो. 8887957618
46. **लुधियाना में** डॉ. साधू राम पाल मो. 9888100609
47. **फिरोजाबाद में** श्री पहुंची लाल धनगर मो. 8755812543
48. **हाथरस में** श्री लाखन सिंह बघेल मो.9811748774
49. **चित्रकूट में** श्री शत्रुघन प्रताप पाल मो. 7991440776

## भ्रम रहे कितने भव में!

(मधुगीति 260408 A) 21:00

भ्रम रहे कितने भव में,
भ्रमर कितने हैं विचरे;
कितने भँवर हैं प्रकटे,
चिदाकाशी कुहरे!
हर चेहरा रहा युद्ध,
शुद्ध ना अभी हुआ;
प्रकृति की कृति उलझा,
सुलझा सहज ना हुआ!
हर पग पे समर पाया,
ब्रह्म उर में बिन वरे;
अद्वैत झलक बिना लखे,
द्वैत ना गए!
गंतव्य नहीं मिला,
गति है सुगति ना सधी;
प्रगति कहाँ है हुई,
प्रणति प्रभु से ना हुई!
बिन भाव महत खोये,
जीव कृष्ण न पाये;
'मधु' गोपी बने ब्रज प्रवास,
विश्व सुहाये!



-डॉ. गोपाल बघेल 'मधु'
टोरोंटो, ओन्टारियो, कनाडा
www.GopalBaghelMadhu.com

## दहेज प्रथा...

सामाजिक बुराई
दहेज की परछाई
कोई नहीं करता परहेज
सबको चाहिए दहेज
इसके बिना शादियां सूनी
दहेज बेटियों का है खूनी
बेटियों की सुनो व्यथा-कथा
बंद करो दहेज प्रथा
रे मानव! कर न काला व्यापार
होता बेटियों पर अत्याचार
दौलत के तराजू पर न तौल
रिश्ते होते हैं बड़े अनमोल
बेटे-बेटियों का व्यापार
करो ऐसी प्रथा का बहिष्कार
छीनो न किसी का अधिकार
बेटे-बेटियों को बसाने
दो मन का संसार
नई सोच का करो
संचार
रे साथी! थोड़ा करो
विचार।



-मुकेश कुमार ऋषि वर्मा
गाँव-रिहावली, डाक-तारौली गुर्जर,
फतेहाबाद, आगरा-283111
मो. 9627912535

## मजदूर...

गर्मी में झुलसते हैं, सर्दी में ठिठुरते हैं।
बारिश में भीगते हैं, अथक परिश्रम करते हैं।।
ले आरजू काम की, रोज घर से
निकलते हैं।
नसीब अच्छा तो काम मिलता, नहीं तो
बेरंग घर लौटते हैं।।
जब बेरंग लौटते हैं, घर में चूल्हे न
जलते हैं।
सुकूं ये रात का खोते, मासूम भूखे
बिलखते हैं।।
तड़पते देख अपनों को, ये बस घुटते रहते हैं।
पर अपनों की उम्मीद की खातिर,
मुस्कुराकर सब दर्द सहते हैं।।
हर चौराहे पे मिलते हैं, सबके ताने
सुनते हैं।
ये बहादुर होते हैं, कभी
आस न खोते हैं।।
संघर्ष जीवनभर करते हैं,
बड़े खुद्दार होते हैं।
इन योद्धाओं को हम
सब मजदूर कहते हैं।।



प्रस्तुति : श्याम शंकर पाल उर्फ सचिन
हरिकमल दर्पण हरियाणा प्रभारी
पाल एकता मंच राष्ट्रीय सचिव
मो. 9891441417, 9999007349

## सनातन धर्म की जय-जयकार!

अवधपुरी में दशरथ राजा, इनके बेटे चार!
सनातन धर्म की जय-जयकार!
तीन रानियाँ कैकेई, सुमित्रा, कौशल्या आधार!
सनातन धर्म की जय-जयकार!
भरत, लक्ष्मण, शत्रुघन में सबसे बड़े थे राम
धैर्य, सत्य आदर्श थे उनके, और भी कई आयाम
बचपन राजमहल में बीता, संग थे सभी कुमार!
सनातन धर्म की जय-जयकार!
वेद, युद्ध, शासन की नीति, वशिष्ठ ने सिखलाई
विश्वामित्र ने समझाया, दैहिक, दैविक गहराई
धर्म शक्ति से फलता-फूलता, शिक्षा से संस्कार!
सनातन धर्म की जय-जयकार!
माँ का मान बढ़ाया राम ने, वन स्वीकार किया
मर्यादा है मन की शुद्धता, अंगीकार किया
त्यागपूर्ण श्रीराम का जीवन, न्यायपूर्ण व्यवहार!
सनातन धर्म की जय-जयकार!
सुख-सुविधा की सोच, राजसुख परिधानों को छोड़ा
भूमि, भवन, वैभव की चाह में, अपनापन न तोड़ा
जात-पात अरु ऊँच-नीच की, तोड़ी ऊँची दीवार!
सनातन धर्म की जय-जयकार!
ज्ञान, वीरता, धैर्य, दिव्यता, निष्ठावान, उदार
शालीन, सुशील, कुलीन, दयालु, समतापूर्ण विचार
त्रेतायुग के महानायक की, करूँ मैं जय-जयकार!
सनातन धर्म की जय-जयकार!



-जोहन पाल, सेंदरी, बिलासपुर
मो. 7974025985

लघुकथा

## मायका...

